तापमान

अधिकतम 32 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 10 सितंबर 2025



12 41 यूनिट रक्तदान के साथ 130 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

14 11 मेधावी छात्र व 50 शिक्षकों का हुआ सम्मान








## खबर संक्षेप

### साहू समाज झिरिया परिक्षेत्र की बैठक आज

**धमतरी।** साहू समाज परिक्षेत्र झिरिया की चुनाव संबंधित बैठक कर्मा मंदिर देवपुर में 10 सितंबर को सुबह 11 बजे से रखी गई है। चुनाव अधिकारी तहसील साहू समाज के पदाधिकारी होंगे। अध्यक्ष डेरहूराम साहू व युवा प्रकोष्ठ सलाहकार सुभाष सोनवानी ने पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील की है।

### भीतररास में आज डीजे डांस प्रतियोगिता

**नगरी।** युवा गणेश उत्सव समिति मांझीपारा भीतररास के तत्वाधान में आज रात्रि 8 बजे से राज्यस्तरीय डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह जानकारी योगेश बोरझरिया ने दी।

### मोहंदी सोसाइटी में वार्षिक आमसभा 13 को

**मगरलोड।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित मोहंदी में वार्षिक आमसभा 13 सितम्बर शनिवार को दोपहर 1 बजे रखी गई है। आमसभा में वर्ष 2024-25 के वार्षिक आय-व्यय की जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी समिति प्रबंधक गोपाल साहू ने दी है।

### निरई माता मंदिर में ज्योति पंजीयन शुरू

**मगरलोड।** शारदीय नवरात्र पर्व 22 सितंबर सोमवार से प्रारंभ हो रहा है। मगरलोड विकासखंड के ग्राम मोहेरा के घने जंगलों की ऊंची पहाड़ी में माता निरई अदृश्य रूप में विराजित है। निरई माता के दरबार में शारदीय नवरात्र पर मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाती है। इसके लिए पंजीयन शुरू हो गया है। शुल्क 1000 रूपये है। यह जानकारी नरोत्तम ध्रुव, पूर्व जनपद सदस्य धरम बिसेन, पूर्व सरपंच कुलेश्वर साहू, ओमप्रकाश सेन ने दी है।

### मेघा में दुर्गोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम 23 से

**मगरलोड।** नवदुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड मेघा में नवरात्र महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्र पर्व पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि 8 बजे प्रारंभ होगा। 23 सितम्बर को पायल महादेव रिकॉर्डिंग डांस मरोदा भिलाई, 25 सितम्बर को संगी जहुरिया रामधुनी पार्टी छिपली (पुष्कर ग्रुप), 27 सितम्बर को शिवगंगा नाचा पार्टी मेघा, 28 सितम्बर को रिकार्डिंग डांस, 30 सितम्बर को जय मां शीतला जस झांकी परिवार बजरंग चौक बटरेल (पाटन), 1 अक्टूबर को मया के अंजोर रिकार्डिंग डांस परिवार सुरेगांव अर्जुंदा जिला बालोद की प्रस्तुति होगी। शरद पूर्णिमा पर 7 अक्टूबर को रात्रि में लोकरंग अर्जुंदा (दुर्ग) की प्रस्तुति होगी।

मद परिवर्तन नहीं होने के कारण दूसरे वर्ग के छात्रों को एससी छात्रावासों में नहीं मिल रही जगह

# खाली पड़े हैं अनुसूचित जाति के छात्रावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में अनुसूचित जाति के छात्रावास खाली हैं। इन छात्रावासों में एडमिशन लेने के लिए छात्र ही नहीं आ रहे हैं। वहीं एसटीएससी वर्ग के छात्रावासों में एडमिशन के लिए होड़ मची हुई थी। कई छात्रावासों में तो अनुमति लेकर क्षमता से ज्यादा छात्रों को रखा गया है। जगह नहीं होने के कारण कई छात्रों को एडमिशन से वंचित होना पड़ा।

पिछड़ी और विशेष पिछड़ी जनजातियों के बच्चों की शिक्षा के लिए आदिवासी विकास विभाग लगातार काम कर रहा है। पहले तो वनांचल क्षेत्र नगरी सिहावा में सरकारी स्कूल इसी विभाग के अंतर्गत चल रहे थे। बाद में इसे शिक्षा विभाग में मर्ज कर दिया गया लेकिन छात्रावासों का संचालन अभी भी आदिवासी विकास द्वारा किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार धमतरी जिले में आदिवासी विकास विभाग के कुल 58 छात्रावास संचालित हैं। इसमें से 30 अनुसूचित जनजाति के, 14 अनुसूचित जाति छात्रावास हैं। इसके अतिरिक्त 13 आश्रम और एक कन्या शिक्षा परिसर है। विडंबना यह है कि बाकी छात्रावासों में तो स्थिति अच्छी है, लेकिन अनुसूचित जाति के छात्रावासों में एडमिशन की स्थिति चिंताजनक है। पिछले कुछ साल से इन छात्रावासों में एडमिशन लेने के लिए छात्र ही सामने नहीं आ रहे हैं। विभाग द्वारा लगातार शिक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद भी किसी में 4 तो किसी में 10 छात्रों का ही एडमिशन हुआ है।



### यह है स्थिति

जिले में अनुसूचित जाति के 14 छात्रावास हैं, जिसमें चारों ब्लाक में एक-एक पोस्ट मेट्रिक छात्रावास हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्थानों पर 10 प्रीमेट्रिक छात्रावास हैं। स्थिति देखे तो धमतरी के 50 सीटर छात्रावास में मात्र 5 छात्रों ने ही एडमिशन लिया है। यही स्थिति सिंगपुर के छात्रावास की है। यहां भी 50 सीटर छात्रावास है, जहां 8 छात्र हैं। नगरी में 20 छात्र हैं। अन्य अनुसूचित जाति के छात्रावासों की स्थिति भी ऐसी ही हैं।

### मद परिवर्तन केंद्र से होगा

एक ओर जिले के अन्य छात्रावासों में एडमिशन के लिए छात्रों में होड़ हैं, वहीं अनुसूचित जाति के छात्रावासों में छात्रों की कमी है। स्थिति को देखते हुए मद परिवर्तन कर अन्य छात्रों को अनुसूचित जाति के छात्रावासों में एडमिशन देने का प्रयास किया गया, लेकिन इसमें भी समस्या यह है कि छात्रावास का मद परिवर्तन करना पड़ेगा। मद परिवर्तन का अधिकार केंद्र सरकार के पास है। केंद्र सरकार को इसके लिए पत्र भी लिखा गया था लेकिन अब तक इस दिशा में सरकार से कोई पहल नहीं हुई है।

# काजल नदी में बहने से एक युवक की मौत, दो ने तैरकर बचाई जान

- पुल-पुलिया के अभाव में ग्रामीण जिंदगी दांव पर रख नदी पार करते हैं
- अधिक बारिश होने पर ब्लॉक मुख्यालय से कई गांवों का संपर्क टूट जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

अंचल में कुछ दिनों से लगातार हो रही खंडवर्षा से नगरी ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र में नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। काजल नदी पर पुल-पुलिया नहीं होने के कारण ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है। इसी बीच रविवार शाम एक दर्दनाक हादसे में जबर्रा गांव के 34 वर्षीय मनिहारलाल मरकाम की नदी में बहने से मौत हो गई। वहीं उनके साथ मौजूद दो ग्रामीण तैरकर अपनी जान बचाने में सफल रहे।

जानकारी के अनुसार जबर्रा गांव के तीन ग्रामीण मनिहारलाल मरकाम (34), सुकलाल नेताम (35) और राजकुमार (35) रविवार को गरियाबंद जिले के रावणडिग्गी दवा खरीदने गए थे। शाम करीब 5.30 बजे लौटते समय तीनों ने काजल नदी पार करने की कोशिश की। इसी दौरान अचानक पानी का बहाव तेज हो गया और तीनों बहने लगे। सुकलाल और राजकुमार ने किसी तरह तैरकर 200 मीटर दूर जाकर अपनी जान बचाई, लेकिन मनिहारलाल तेजधारा में बह गए। ग्रामीणों और परिजनों ने रातभर टॉर्च और लाइट की मदद से तलाश की, मगर कोई सफलता नहीं मिली। सोमवार की सुबह पुलिस को घटना की सूचना दी गई। इसके बाद दुगली थाना प्रभारी शरद ताम्रकार की टीम ने मौके पर पहुंचकर तलाश शुरू की। करीब एक किमी दूर नदी किनारे मनिहारलाल का शव बरामद हुआ। शव का पंचनामा और पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दिनों में काजल नदी उफान पर होती है, जिससे नगरी ब्लॉक मुख्यालय से जबर्रा, मारागांव, खरखा, रतावाडीही, मुनईकरा, देवगांव, भोभलाबाहरा, बोईरगांव और सईभदर सहित करीब 10 गांवों का संपर्क कट जाता है। पुल-पुलिया के अभाव में लोगों को हर साल ऐसे खतरों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि वे वर्षों से पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन शासन-प्रशासन ध्यान नहीं देता। चुनाव के समय नेता आते हैं और बड़े-बड़े आश्वासन देकर चले जाते हैं, मगर स्थिति जस की तस बनी हुई है। इस लापरवाही की कीमत अब मनिहार लाल को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से इस घटना की जिम्मेदारी तय करने और स्थायी समाधान की मांग की है।




## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


# गंगरेल बांध के सभी गेट की हुई टेस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मंगलवार को गंगरेल बांध के सभी 14 गेट को खोलकर टेस्टिंग की गई। सिंचाई विभाग के सब इंजीनियर अंकित अग्रवाल ने बताया कि रायपुर से पहुंचे उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में गंगरेल बांध के सभी गेट की टेस्टिंग की गई। उन्होंने बताया कि सभी गेट को एक साथ नहीं खोला गया था। एक के बाद एक गेट को खोलकर टेस्टिंग की गई। उन्होंने बताया कि बांध अभी पूरा नहीं भरा है। किसी प्रकार की तकनीकी समस्या को देखते हुए टेस्टिंग की गई है।



### रजत जयंती वर्ष पर रोजगार मेला आज

**धमतरी।** छग राज्य के रजत जयंती वर्ष पर 10 सितम्बर को लाईवलीहुड कॉलेज परिसर में विशाल रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी के सहायक परियोजना अधिकारी ने जानकारी दी कि जिले के बेरोजगार युवाओं को सम्मानजनक रोजगार दिलाने और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों से जोड़ने के उद्देश्य से यह रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। रोजगार मेले में लगभग 1600 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।

# एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने कंडेल में किया जल सत्याग्रह

- कर्मचारियों ने भारतमाता, छत्तीसगढ़ महतारी तथा महात्मा गांधी की वेशभूषा में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एनएचएम कर्मचारी संघ दस सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। आंदोलन के 23वें दिन कण्डेल में जल सत्याग्रह कर सरकार की उदासीनता के खिलाफ प्रतीकात्मक विरोध किया।

उल्लेखनीय है कि चुनावी जन घोषणा पत्र में उल्लेखित मोदी की गारंटी को लागू नहीं करने तथा आंदोलनरत साथियों की बर्खास्तगी जैसे दमनकारी कार्रवाई के विरोध में जल सत्याग्रह किया। डा. प्रीति चांडक, डा. मेघराज, दिव्या साहू, पूनम सहारे, रंजना यादव, भूपेंद्र देवांगन ने बताया कि जल सत्याग्रह गौरव ग्राम कण्डेल में किया गया। यह वही गांव है जहां 1920 में नहर सत्याग्रह आंदोलन में महात्मा गांधी आए थे। बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव, पं.सुंदरलाल शर्मा के नहर सत्याग्रह के आंदोलन का पालन करते हुए मंगलवार को एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने जल सत्याग्रह किया। जल सत्याग्रह के दौरान एनएचएम कर्मचारियों ने कंडेल के तालाब में उतरकर घंटेभर प्रदर्शन किया। इस दौरान एनएचएम कर्मचारी भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी तथा महात्मा गांधी की वेशभूषा में नजर आये। कर्मचारियों ने तिरंगा झंडा लेकर अपनी आवाज बुलंद की।










गांव में भ्रष्टाचार पर कार्रवाई नहीं होने का मामला

# अछोटा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया सामूहिक इस्तीफा

- जिला भाजपा कार्यालय के सामने भाजपाइयों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत अछोटा के भाजपाइयों ने भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से सामूहिक इस्तीफा दिया है। मंगलवार को ट्रेक्टर, मोटरसाइकिल से जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे करीब 400 महिला, पुरूष कार्यकर्ताओं ने जिला भाजपा कार्यालय के समक्ष जमकर नारेबाजी की। जिला भाजपाध्यक्ष की अनुपस्थिति में कार्यालय के प्रवेश द्वार में सामूहिक इस्तीफा का लेटर चस्पा कर कार्यकर्ता वापस लौट गए।

ग्राम विकास समिति अछोटा के अध्यक्ष खिलेश सेन, सचिव योगेश देवांगन, जितेन्द्र देवांगन, रामनाथ ध्रुव, सरपंच संतोषी गैंदलाल, जनपद सदस्य कैलाश देवांगन, शिवानी राव आदि ने बताया कि वे गंगरेल मंडल अंतर्गत ग्राम अछोटा के भारतीय जनता पार्टी के प्राथमिक सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि संगठन का जो दायित्व मिला , उसे सच्ची निष्ठा और ईमानदारी के साथ पूरा किया लेकिन विगत पंचायत चुनाव के पश्चात सभी कार्यकर्ताओं के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाई गई है। उन्होंने बताया कि अछोटा पंचायत में पूर्व सरपंच तथा उपसरपंच ने गांव में जमकर भ्रष्टाचार किया है, जिसमें पं. दीनदयाल उपाध्याय आवासीय जमीन आरक्षण में 30 लोगों से मोटी रकम लेकर जमीन दी गई। नदी तथा गोठान से भारी मात्रा में मुरूम मिट्टी बेची गई। 8 बिंदुओं पर शिकायत की गई। विभागीय जांच में आवासीय जमीन में हेराफेरी का मामला उजागर हुआ है। ग्रामीणों ने इन समस्याओं को लेकर भाजपा के उच्च पदाधिकारियों को मौखिक तथा लिखित जानकारी देकर कार्रवाई की मांग की थी लेकिन इस मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इस मामले में कोई चर्चा तक नहीं हुई। उच्च पदाधिकारियों ने किसी तरह की पहल नहीं की। इससे क्षुब्ध होकर ग्रामीण भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया है। उन्होंने बताया कि जिला भाजपाध्यक्ष के उपस्थित नहीं होने पर कार्यालय के प्रवेश द्वार पर इस्तीफा पत्र चस्पा किया है।

इस मामले में जिला भाजपाध्यक्ष प्रकाश बैस से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया।





## खबर संक्षेप

### 10 खिलाड़ी राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता के लिए चयनित

**कांकेर।** धरमपुरा इंडोर स्टेडियम जगदलपुर में बस्तर संभाग स्तरीय स्कूल गेम्स कराते चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बस्तर संभाग के 250 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिले से कुल 21 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से शाउमावि लेंडारा विकासखंड नरहरपुर के 10 खिलाड़ियों ने प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और राज्य स्तरीय स्कूल क्रीड़ा प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। चयनित खिलाड़ियों में आंचल नेताम, रिंकी भास्कर, राहुल शोरी, देवेश यादव, नीरज भास्कर, अरुण नेताम, अजित वट्टी, शिवानंद शोरी, सुनील उइके व राज यादव है। राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता 15 से 18 अक्टूबर तक बिलासपुर में होगी।

### 9 वीं में प्रवेश, चतुर्थ प्रतीक्षा सूची की होगी काउंसिलिंग

**कांकेर।** नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय जिला राजनांदगांव, बिलासपुर एवं बलरामपुर में शिक्षण सत्र-2025-26 के लिए कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की वर्गवार मेरिट एवं प्रतीक्षा सूची आदिवासी विकास विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। सहायक आयुक्त से प्राप्त जानकारी अनुसार चतुर्थ प्रतीक्षा सूची में दर्शित विद्यार्थी प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू उरकुरा मार्ग व्हीआईपी सीटी कॉलोनी के सामने रायपुर में काउसिंलिंग किया जाएगा, इसके लिए काउसिंलिंग तिथि 12 एवं 13 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से सायं 05 तक निर्धारित की गई है।

### जिला पेंशनधारी कल्याण संघ की आज बैठक

**भानुप्रतापपुर।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा कांकेर की बैठक प्रहलाद नायक अलबेलापारा कांकेर के निवास में रखी गई। बैठक की अध्यक्षता कन्हैया सिंह ठाकुर करेंगे। बैठक में संघ के लिए भवन, आय व्यय ब्यौरा, संभागीय समारोह में भागीदारी, पेंशनर्स की समस्याओं का निराकरण इत्यादि विषयों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया। जिला की त्रैमासिक बैठक 10 सितंबर को तय किया गया है।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत हुचाड़ी निवासी 23 वर्षीय राजकली कुमेटी बिजली करंट की चपेट में आ गई, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 13 अगस्त को सुबह 10 बजें मृतिका घर आंगन पर थी। अचानक बिजली करंट के संपर्क में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### ईरागांव में आज दुर्रे बंजारी छत्तीसगढ़ नाचा

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत बरहेली के आश्रित ग्राम ईरागांव में नव युवक गणेशोत्सव समिति शीतलापारा के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ी नाचा आज 10 सितंबर बुधवार को आयोजन कराया जा रहा है।

## निधन

### पवन साहू



**सिर्री।** ग्राम कुहकुहा निवासी पवन कुमार साहू उम्र 63 वर्ष का निधन 6 सितंबर शनिवार को हो गया। वे संजय साहू के पिता और नंद कुमार, शिव कुमार, लेखराम के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में ही किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने परिजन, समाजजन एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित हुए।

### अनिरुद्ध सिंह साहू



**कोर्रा(भखारा)।** सोरिद नगर धमतरी निवासी शिक्षक अनिरुद्ध सिंह साहू 71 वर्ष का निधन 8 सितंबर रविवार को हो गया। वे पूर्व में रत्नाबांधा स्कूल के प्रधानपाठक थे। विजय साहू के और पदमुन साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार शांतिघाट सोरिद में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण शामिल हुए।

---

सेमरा-बी में स्वैच्छिक रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

# 41 यूनिट रक्तदान के साथ 310 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

वात्सल्य सृजन यूथ ऑर्गनाइजेशन छग एवं आनंद गणेशोत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम सेमरा (बारना) में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य जांच तथा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 41 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया वहीं 310 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दवाई वितरित की गई।

यह शिविर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत महोत्सव के 25वें वर्ष पर हर दिन, हर घर आयुर्वेद अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया जिसमें सेमरा, बारना, सिवनीखुर्द, देवरी, देवपुर, सिंधौरीखुर्द एवं दोनर से बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल होकर लाभान्वित हुए। शिविर में 310 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। 30 लोगों की शुगर जांच की गई। 100 व्यक्तियों कर ब्लड प्रेशर, सिकलिन एवं ब्लड ग्रुप जांच की गई। युवाओं के सहयोग से 41 यूनिट रक्तदान हुआ।

कार्यक्रम में मानस सेवा ब्लड बैंक एवं कंपोनेंट धमतरी से उप संचालक आशीष साहू, टेक्निशियन पारस साहू, नीमा साहू एवं नम्रता साहू, वात्सल्य सृजन यूथ ऑर्गनाइजेशन के संरक्षक देवनारायण साहू, अध्यक्ष यशपाल साहू, सचिव शीतलेश साहू, संयुक्त सचिव भागीरथी साहू, रामनारायण साहू, सदस्य हेमंत चक्रधारी, घनश्याम साहू, गजेंद्र साहू, खुलेश्वर साहू, पूरणमल साहू, जयनारायण साहू, हिमांशु साहू, भूपेंद्र साहू, ग्रामीण अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, सचिव तेजराम चंद्राकर, यादराम साहू, पवन साहू, ईश्वर चंद्राकर, बालकृष्ण चंद्राकर, संतोष साहू समेत शीतला पारा गणेश समिति के सदस्य, पटवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन का सहयोग रहा।

### रक्तदाताओं को बांटे गए हेलमेट

शिविर में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए संस्था द्वारा हेलमेट प्रदान किया गया जिससे सड़क सुरक्षा और यातायात जागरूकता का संदेश दिया गया। बच्चों को स्वर्णप्राशन पिलाकर पोषण अभियान के तहत ग्रामीणों को आयुर्वेद, आहार-विहार और स्वास्थ्य पर जागरूक पहल की गई। स्वास्थ्य विभाग एवं ब्लड बैंक के अधिकारियों को संस्था द्वारा मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष छग शासन नेहरू निषाद, आयुष विभाग की ओर से डॉ. खिलेश साहू, डॉ. सोना कश्यप, डॉ. नेहा पाटले, फार्मासिस्ट कृपाराम साहू, तीरथ कुर्रे, औषधालय सेवक वेदराम साहू, डोमन साहू एवं आयुष विभाग की टीम मौजूद थी।

### बिजली बिल हाफ योजना को पुनः लागू करने की मांग



▪ कांग्रेस पार्षद ने सरकार पर साधा निशाना

**धमतरी।** नगर पंचायत आमदी के पार्षद चितेंद्र साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार से बिजली बिल हाफ योजना को पुनः लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार की इस जनहितकारी योजना से प्रदेश के लगभग 60 लाख गरीब और मध्यमवर्गीय उपभोक्ता लाभान्वित हो रहे थे। पहले 400 यूनिट तक आधे बिल की छूट मिलती थी, जिसे घटाकर केवल 100 यूनिट कर दिया गया है। यह निर्णय गरीब परिवारों के साथ अन्याय है। श्री साहू ने कहा कि महंगाई के इस दौर में जनता को राहत देने की बजाय प्रदेश सरकार ने योजना को लगभग बंद कर दिया है। पार्षद श्री साहू ने प्रदेश सरकार से तत्काल बिजली बिल हाफ योजना को पूर्ववत लागू करने की मांग की है और कहा कि यदि सरकार जनता के हित में निर्णय नहीं लेती, तो जनता उसे सबक सिखाने से पीछे नहीं हटेगी।

# देवांगन समाज ने किया स्नेहा का सम्मान



▪ नीट परीक्षा पास कर एमबीबीएस के लिए हुई चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरुद क्षेत्र में लगातार छात्र छात्राएं अपनी मेहनत-लगन व उचित मार्गदर्शन से उपलब्धि हासिल कर रहे हैं। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी अजय देवांगन व बबीता देवांगन की पुत्री ने नीट परीक्षा में छग में बेहतर रैंक हासिल कर एमबीबीएस के लिए शासकीय मेडिकल कॉलेज कोरबा में स्थान प्राप्त किया। स्नेहा देवांगन की उपलब्धि पर जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष विनय देवांगन, महिला अध्यक्ष वेदिका देवांगन, महासचिव जयलाल देवांगन, कोषाध्यक्ष बृजलाल देवांगन, उपाध्यक्ष भुवन देवांगन, पूर्व अध्यक्ष खेमलाल देवांगन, पूर्व सचिव राज देवांगन, युवा संरक्षक सूरज देवांगन के साथ ही कुरुद मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अखिलेश्वर देवांगन, गगन देवांगन, महिला अध्यक्ष डॉ. संध्या देवांगन, इंदिरा देवांगन, टोमिन देवांगन, जय देवांगन, युवराज देवांगन समाज ने स्नेहा का सम्मान कर समाज का नाम रोशन करने पर हर्ष जताया है।

### उपभोक्ताओं को 100 यूनिट की भी छूट नहीं मिल रही : डॉ. हरदेल



**कोर्रा(भखारा)।** डॉ. हरदेल ने कहा कि छग की साय सरकार ने बघेल सरकार की बिजली बिल हाफ योजना अंतर्गत 400 यूनिट को 100 यूनिट किया है, लेकिन अगस्त का बिल आने से उपभोक्ताओं को 100 यूनिट की भी छूट नहीं मिल रही है। साय सरकार ने यदि 400 यूनिट की जगह सिर्फ 100 यूनिट में हाफ बिल का निर्णय लिया है तो उपभोक्ताओं को 100 यूनिट का चार्ज आधा होना है, जबकि बघेल सरकार द्वारा 400 यूनिट तक सभी का बिल हाफ हो जाता था, चाहे आपकी खपत जितनी भी हो, लेकिन वर्तमान साय सरकार की 100 यूनिट बिजली बिल हाफ का फायदा सिर्फ उन उपभोक्ताओं को मिल रहा है जिनकी मासिक बिजली खपत 100 यूनिट तक है। उससे ऊपर बिल आने पर कोई छूट नहीं मिल रही है। यह जनता के साथ धोखा है।

# प्रथम दिन 500 साधकों ने लिया मेडिटेशन शिविर का लाभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

जैन समाज एवं शांत क्रांति संघ नगरी के संयुक्त तत्वावधान में 8 से 15 सितम्बर तक कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित आठ दिवसीय निःशुल्क मेडिटेशन शिविर का शुभारंभ साध्वी वैभव श्रीजी मसा ने किया। प्रथम दिन प्रातः 7.15 से 8.15 बजे तक साध्वी वैभव श्रीजी मसा ने साधकों को शरीर के सात चक्रों में से प्रथम चक्र को जागृत करने का ध्यान अभ्यास कराया। करीब 500 महिला-पुरुषों ने इस साधना का लाभ लिया। साध्वी श्री ने बताया कि आधुनिक जीवनशैली में लोग ध्यान से दूर होते जा रहे हैं, जबकि ध्यान न केवल आत्मशुद्धि का माध्यम है, बल्कि यह गैस, अल्सर, बीपी, डायबिटीज, माइग्रेन, शुगर, थायराइड जैसी अनेक शारीरिक व्याधियों से मुक्ति दिलाने में भी सहायक है। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान प्रतिदिन सातों चक्रों को जागृत करने का ध्यान अभ्यास कराया जाएगा।

इस आयोजन में जैन संघ के सचिव अनिल छाजेड़ सहित जैन समाज एवं शांत क्रांति संघ के सदस्य जुटे हुए हैं।

# डे-नाइड कबड्डी में बिरगुड़ी अ की टीम ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम उमरगांव में जय बजरंग बाल मंडली द्वारा गोवर्धन चौक पर एक दिवसीय डे नाइड कबड्डी स्पर्धा 18 वर्षीय लड़कों के लिए रखी गई थी। स्पर्धा में प्रथम कबड्डी दल बिरगुड़ी अ, द्वितीय बरपारा उमरगांव, तृतीय सड़कपारा बिरगुड़ी, चतुर्थ कबड्डी दल गिधावा रहे। पुरस्कार क्रमशः 8025, 5025, 4025, 2025 रुपए एवं ट्राफी दी गई।

समापन समारोह के अतिथि प्रकाश बैस भाजपा जिलाध्यक्ष, अकबर कश्यप भाजपा जिला उपाध्यक्ष, तुलसीराम साहू, हदयलाल साहू, मोहन पुजारी, भुनेश्वर मरकाम, कृष्ण कुमार मारकोले, जनक साहू, दीपक साहू, मोनू साहू, फलेंद्र साहू उपसरपंच, त्रिलोचन साहू थे।

इस कार्यक्रम में लोकेश कुंजाम, संत कामडे, लेखराम साहू, मोहित गुप्ता, अरुण चिराम, गजेन्द्र साहू, लीलाशंकर साहू, रविशंकर मरकाम, खूबलाल ध्रुव, रामनरेश सहित समिति के सदस्यों एवं ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

# 'शिक्षा' समाज को नई दिशा देती है : हेमिन





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

▪ कोसमर्रा स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया

शाउमावि कोसमर्रा में सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य बालकृष्ण साहू, विशिष्ट अतिथि शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष खेमेश्वरराव वाकड़े व माता समिति अध्यक्ष हेमिन साहू थी।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने डॉ. राधाकृष्णन की जीवनी व उनके प्रेरणादायक प्रसंग पर आधारित भाषण प्रस्तुत किया। उनके शिक्षक के प्रति दृष्टिकोण को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्राचार्य श्री साहू ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं जिनके मार्गदर्शन और संस्कारों से छात्र देश का उज्जवल भविष्य बनाते हैं।शिक्षक ही वह दीपक है जो अज्ञानता के अंधकार में ज्ञान का प्रकाश फैलता है। श्री वाकड़े ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का संचार ही नहीं करते हैं बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और समाज निर्माण में भी उनकी भूमिका सर्वोपरि होती है। माता समिति की अध्यक्ष हेमिन साहू ने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन का आदर करें। शिक्षा ही वह धन है जो जीवन भर साथ देती है। समाज को नई दिशा देती है। शिक्षक चैतराम साहू, पुष्पेंद्र गुरु, वासुदेव सोनबेर, अनिल साहू, नरेश, उत्तरा गंजीर, हरिश्चंद्रसिंह नेताम ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर शिक्षक रविन्द्र बंधे, सीमा सोनी, मानसिह जांगड़े, प्रमोद बैस, छात्र संघ अध्यक्ष शैलेंद्र साहू, उपाध्यक्ष सेजल साहू, सुधीर साहू, कुलदीप यादव, वोगिता साहू, कुणाल साहू, तारिणी, जागृति, भूमिका, नीलम साहू, वोनिता पाल, मोनिका साहू, लक्ष्मी समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दीक्षा यादव एवं ऐश्वर्या साहू तथा आभार व्यक्त जयश्री साहू ने किया।

छग रजत जयंती महोत्सव पर मगरलोड कालेज में सेमिनार का हुआ आयोजन

# अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर देश की सेवा करें : वीरेंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में छग रजत जयंती महोत्सव पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वीरेंद्र साहू अध्यक्ष जपं मगरलोड, राजेश साहू अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, वीरेंद्र सरल प्रधानपाठक शास. अंग्रेजी माध्यम मिडिल स्कूल मगरलोड, सरिता कश्यप सदस्य जनभागीदारी समिति, रंजीत कश्यप, खूबचंद साहू सदस्य जनभागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय मगरलोड थे।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ. यशोदा साहू सहायक प्राध्यापक इतिहास ने छग राज्य की स्थापना एवं गठन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना से लेकर अब तक छग विभिन्न क्षेत्रों में विकास की दिशा में निरंतर गतिमान है। छग की कला, संस्कृति एवं जनजातीय सभ्यता के कारण अपनी अलग पहचान बनाया हुआ है। डॉ. यशोदा साहू ने युवा वर्ग से आह्वान किया कि वह छग राज्य के विकास में योगदान दें। प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर ने छात्र-छात्राओं से कहा कि वे छग की कला संस्कृति को एक नई पहचान दिलाने में अपना योगदान दें। राजेश साहू ने छग राज्य की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आर्थिक, सामाजिक, कला संस्कृति के महत्व को वक्तव्य के माध्यम से युवाओं को प्रेरित किया। कवि वीरेंद्र सरल ने अपनी कविता के माध्यम से छग की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वह नशे से दूर रहकर देश, समाज और राज्य के विकास में सहयोगी बनें।

वीरेंद्र साहू ने वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया। उन्होंने छग के 25 वर्ष की उपलब्धियों पर विशेष रूप से कृषि की उन्नति पर महत्व दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशोदा साहू व आभार प्रदर्शन डॉ. रामा चंद्राकार एवं डॉ सुशीला साहू द्वारा किया गया। मौके पर कौशलेश ध्रुव, निरूपा साहू, दिव्या देवांगन, दीपक कश्यप, सुषमा, डॉ.विनोद साहू, नीरज साहू, टामन साहू समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

---

## अंचल की खबरें

### कर्राघाटी में गणेशजी का हुआ विसर्जन



**नगरी।** ग्राम कर्राघाटी में गणेश उत्सव का समापन श्रद्धा और उल्लास से किया गया। दस दिनों तक भक्तों ने प्रतिदिन सुबह-शाम विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रभु गणेश की आराधना की। चौक-चौराहों पर भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। समिति की ओर से गांव में 11 दिनों तक रात्रि में मानसगान किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गांव के श्रद्धालु समलित हुए। अंतिम दिन गणेश विसर्जन में गांव के नागरिक सामलित हुए। गांव के दर्री तालाब में भगवान गणेश जी का विसर्जन किया गया। मौके पर ग्राम पटेल सुरेश मरकाम, कोटवार दीनदयाल गंधर्व, असवंत कुंजाम, रुपेश यादव, झम्मन नेताम, धनीराम कोर्राम, पोखन नेताम, रामलाल विश्वकर्मा, सर्वेश यादव, गणपत यादव, रघुराम यादव, सेवक यादव, प्रदीप कोर्राम, थनवार नेताम, सोहनलाल यादव, रघुराम यादव, पेमन गंधर्व, ओमप्रकाश कुंजाम, शिवराम यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

### भक्तों ने विघ्नहर्ता गणेश को दी विदाई



**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में विघ्नहर्ता गणेश भगवान का विसर्जन किया गया। 11 दिनों तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। शनिवार को चौक-चौराहों तथा घरों में विराजित स्थलों में हवन यज्ञ की आहुति दी गई। रविवार को भक्तों ने भगवान गणेश को साइकिल, मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर में सवार कर नदी, तालाबों में विर्सजन किया। अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाते रहे।

### पीएमश्री स्कूल नवागांव में शिक्षक दिवस मना



**नगरी।** पीएमश्री प्राथमिक शाला नवागांव में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से की गई। बच्चों द्वारा स्वागत गीत, वंदना गीत गाया गया। पीएमश्री प्राथमिक शाला नवागांव परिसर पर प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला के गुरुजनों, बच्चे, योग शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं रसोइयों की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। बच्चों ने गुरुजनों को पेन, मोमेंटो गिफ्ट प्रदान किया। गुरुजनों ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डाला। न्योता भोज का आयोजन प्राथमिक शाला प्रधानपाठक कंचन द्वारा किया गया था। इस अवसर पर माध्यमिक शाला प्रधानपाठक भगवानसिंह गौर, संकुल समन्वयक सोनेंद्र ध्रुव, शिक्षक दीपचंद साहू, शिक्षिका गोदावरी साहू, प्राथमिक शाला प्रधानपाठक श्रीमती कंचन, शिक्षक एसबी मिर्जा, कृष्ण साहू, योग शिक्षक कमलेश साहू उपस्थित थे। मंच संचालन एसबी मिर्जा ने किया।

### ग्राम समिति सिवनीकला के विक्रम बने अध्यक्ष



**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला के महावीर चौक में बैठक आहूत कर ग्रामीण विकास समिति के पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष विक्रम साहू, संरक्षक दाऊ टिकेश्वर चंद्राकर, सुशील साहू, उपाध्यक्ष गुहाराम साहू, खिलावन चंद्राकर, सचिव पृथ्वी ध्रुव, सहसचिव दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष कपिल पटेल, ग्रामीण संगठन मंत्री सुरेश साहू बनाए गए। सभी पदाधिकारियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। इनके चयन पर सरपंच लता ध्रुव, उपसरपंच दीपदान साहू, ग्राम पटेला सुरेश तारक, टेकराम साहू जनपद सदस्य, सोसाइटी अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू, कृष्णा, लोमश, सुरेश, अंकुश, किशन, निर्मल पाल, लेखराम, कुंजीलाल, दुर्जन, समीर, हेमंत, पुरषोत्तम, दानेश्वर, भूषण, नंदराम, जागेश्वर, धनेश, बंशी, कमल, जीवराखन, यीशु, द्विजराम, अवध, बोधन, लोमश, राकेश, योगेश ने हर्ष जताया है।

### कर्मचारी के आकस्मिक निधन पर सहायता राशि देने की मांग



▪ स्कूल सफाई कर्मचारी संघ ने किया बीईओ का सम्मान

**नगरी।** स्कूल सफाई कर्मचारी संघ ब्लॉक नगरी ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कलीराम साहू का सम्मान किया। संगठन ने मांग की कि स्कूल सफाई कर्मचारी के आकस्मिक निधन पर शासन की ओर से सहायता राशि दी जाए। बताया कि स्कूल सफाई कर्मचारी सन 2011-12 से अल्प मानदेय 3464 रुपए पर काम करते आ रहे हैं। इस वजह से आर्थिक स्थिति कमजोर हो चुकी है। इसी बीच किसी कर्मचारी का आकस्मिक निधन हो जाता है तो उनके परिवार को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष रविशंकर चेलक, उपाध्यक्ष सरताज खान, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद कश्यप, सचिव संतराम यादव, सदस्य देवेंद्र साहू, जितेंद्र, कुलदीप, गणेश पुजारी, हेमलाल कश्यप, देवव्रत कुंजाम, नरेंद्र नाग, नोहरसिंह ध्रुव, शिवराज नेताम, मधु देवांगन, खिलेश्वरी साहू, महेश निषाद, भारत निषाद उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### थुहा में हुआ गणेश प्रतिमा का विसर्जन



**सिर्री।** ग्राम थुहा में गणेश विसर्जन धूमधाम से किया गया। बप्पा की आरती व पूजन कर अंतिम विदाई दी गई। मौके पर युवा संगठन के गगन चंद्राकर, नगेशराव, चमन राव, अमन राव, मिथिलेश राव, राजेश ध्रुव, सतीश राव सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### श्रद्धा भाव से हुआ गणेशजी का विसर्जन



**नगरी।** ग्राम पंचायत करैहा में गणेश उत्सव का समापन बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। दस दिनों तक भक्तों ने प्रतिदन सुबह-शाम विधि -विधान से पूजा -अर्चना कर प्रभु गणेश की आराधना की। चौक -चौराहों पर भक्तों की भीड़ उमड़ती रही और गणेश समिति की ओर से सांस्कृतिक एवं भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को सुबह से ही गांववासी ने गणेश जी की प्रतिमा को सुसज्जित ट्रैक्टर रथ पर विराजित कर ढोल -नगाड़ों और डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए विसर्जन यात्रा निकाली। पूरे मार्ग में गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे गूंजते रहे। पटाखे और डीजे पर धुन पर नाचते-गाते गांव के तालाब में ले जाकर पूरे विधि-विधान से गणेश जी की आरती कर श्रद्धा भाव से प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों का हुआ सम्मान



**नगरी।** म.ज.प. बांध उपसंभाग क्रमांक-1 मेचका में प्रभारी एसडीओ पेमेश सिन्हा के मार्गदर्शन में सेवानिवृत्त कर्मचारियों परसराम विश्वकर्मा एवं हरिराम साहू को विदाई दी गई। सहकर्मी एवं अधिकारियों ने उन्हें श्रीफल, शा ल एवं स्मृति चित्र भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सब इंजीनियर हीराचंद, गोविंद मिश्रा, हिमांचल सिन्हा, सोबलाल सिन्हा, मेघराज, चमन, संतोष, महेंद्र, रूपेंद्र, देवसाई, दामोदर, जग्गू, रमेश, राधाबाई, तुफैल खान, विजय पटवा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### हवन-पूजन के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया



**पुरी।** सरस्वती शिशु मंदिर, प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय छाती में गणेशजी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। हवन पूजन किया गया। विद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। शिक्षकों ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिक्षकों का सम्मान एवं उनके प्रति श्रद्धा का भाव रखें। उनकी आज्ञा का पालन करें। यही शिक्षकों का सच्चा उपहार है। विद्यालय समिति के व्यवस्थापक नरेंद्र साहू ने देश की महान विभुतियों की जयंती व कार्यक्रमों को मनाने का आग्रह किया। मौके पर विद्यालय समिति अध्यक्ष चैतराम साहू, उपाध्यक्ष दानेश्वरी यादव, सहसचिव तरुण देवांगन, कोषाध्यक्ष राकेश देवांगन समेत अन्य मौजूद रहे।

### तेलीनसत्ती आंगनबाड़ी केंद्र एक में गणवेश का वितरण



**धमतरी।** ग्राम तेलीनसत्ती के आंगनबाड़ी केंद्र (1) में बच्चों को गणवेश वितरण कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महापौर जगदीश रामू रोहरा ने बच्चों को गणवेश प्रदान किया तथा मिठाई भी खिलाई। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि बच्चे हमारे देश और समाज के भविष्य हैं। उनके सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें एक सुदृढ़ शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। गणवेश न केवल अनुशासन और एकरूपता का प्रतीक है, बल्कि यह आत्मविश्वास, समानता और आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देता है। मौके पर रांवा मंडल महामंत्री राकेश सिन्हा, नंदकुमार साहू, कृष्णा अठनागर, खिम्मन साहू, भूपेश सिन्हा, पोषण साहू, विक्की सिन्हा, दिनेश साहू, हेमंत यादव, गज्जू जांगड़े, कीर्तन साहू, दूधनाथ यादव, दीपक यादव, मोतीराम, मितानिन दीदी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

### हवन यज्ञ के बाद विघ्नहर्ता को किया विदा



**आमदी।** अंचल में गणेश चतुर्दशी धूमधाम से मनाई गई। भक्तों द्वारा पूरी श्रद्धा भक्ति से भगवान गणेश की पूजा अर्चना की गई। गणेश पंडालों में शनिवार को हवन यज्ञ करने के बाद रविवार और सोमवार को तालाबों में गणेश विसर्जन का सिलसिला जारी रहा।

कलेक्टर ने सम्मानित शिक्षकों व कर्मचारियों का स्वागत कर किया संवाद

# शिक्षक अपनी मेहनत से समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहे : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सोमवार को जिले के उन शिक्षकों, शिक्षिकाओं और कर्मचारियों से मुलाकात की, जिन्हें हाल ही में शिक्षक दिवस तथा अन्य राज्य स्तरीय समारोहों में सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर श्री मिश्रा ने उनके कार्यों की जानकारी ली और बच्चों के भविष्य को लेकर उनके विज़न पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिले के शिक्षक और कर्मचारी अपने समर्पण और मेहनत से समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहे हैं।

गौरतलब है कि धमतरी के लाईवलीहुड कॉलेज के प्रशिक्षक टीकमचंद किरण को अब तक 1200 से अधिक युवाओं को सुरक्षा गार्ड प्रशिक्षण एवं रोजगार उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025 से राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सम्मानित किया। इसी प्रकार शिक्षिका श्रीमती प्रीति शांडिल्य और श्रीमती किरण साहू को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्ट कार्यों के लिए रायपुर स्थित राजभवन में राज्यपाल रमेन डेका ने सम्मानित किया। वहीं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के 16 वें स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अछोटा के सीएससी एंटरप्रेन्योर नौकंज कुमार को अप्रैल से जुलाई 2025 तक राज्य में दूसरा सर्वाधिक डिजिटल ट्रांजेक्शन दर्ज करने पर उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

जिले की श्रीमती योगेश्वरी देवांगन को आधुनिक तकनीक से पशुपालन में नवाचार करने पर जिला स्तरीय पुरस्कार मिला है। इसके अलावा शिक्षक दिवस 2026 के लिए राज्यपाल पुरस्कार हेतु चयनित लीलाराम साहू और श्रीमती रंजीता साहू का भी कलेक्टर ने स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर ने कहा कि जिले के शिक्षक, शिक्षिका और कर्मचारी अपनी उपलब्धियों से न केवल जिले का मान बढ़ा रहे हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत भी बन रहे हैं।

## घटुला स्कूल की छात्राओं को मिली साइकिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय शीतला देवी हाईस्कूल ग्राम घटुला में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जपं नगरी की सभापति श्रीमती प्रेमलता नागवंशी ने उद्बोधन में कहा कि सरस्वती साइकिल योजना का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है। यह योजना विष्णु देव सरकार की एक अत्यंत सराहनीय पहल है।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा, भाजपा मंडल महामंत्री मोनू साहू, उपसरपंच वेदराम साहू, सहकारी समिति के अध्यक्ष खुशीराम नाग, प्राचार्य राजेश कश्यप, कीर्तिकुमार साहू, धर्मेंद्र कोरे सहित अनेक जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

## निगम टीम ने बांसपारा वार्ड से 12 मवेशियों को पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

निगम की गौ पकड़ो टीम ने बांसपारा क्षेत्र में अभियान चलाकर 12 आवारा मवेशियों को पकड़ा। इन मवेशियों को सुरक्षित तरीके से अर्जुनी स्थित कांजी हाउस भेजा गया। निगम अधिकारियों ने बताया कि सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों के कारण आए दिन यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। नागरिकों की सुरक्षा और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा यह कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम ने नागरिको से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को खुले में न छोड़ें, बल्कि उन्हें गोठान अथवा निर्धारित स्थान पर ही रखें।

## शिक्षा में एआई एक क्रांतिकारी बदलाव लेकर आयेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के रजत जयंती अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ( एआई) के उपयोग पर कार्यशाला हुई। व्याख्याता संतोष कुमार जैन ने पावर पाइंट के माध्यम से बताया कि शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से विदयार्थियों को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है ताकि वे तकनीकी रूप से सशक्त होकर वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अपना योगदान दे सकें। शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक क्रांतिकारी बदलाव लेकर आ रहा है। आधुनिक समय में एआई तकनीक के माध्यम से शिक्षण और अधिगम को अधिक सरल , प्रभावी और ऱोचक बनाया जा सकता है। एआई तकनीक से विद्यार्थी को उनकी क्षमता और रूचि के अनुसार व्यक्तिगत शिक्षा उपलब्ध कराई जा सकती है। स्मार्ट क्लासरूम, वर्चुअल ट्यूटर, आनलाइन मूल्यांकन, स्वचलित प्रश्नपत्र निर्माण, डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म के माध्यम से शिक्षा का स्तर निरंतर उन्नत हो रहा है। साथ ही एआई से शिक्षकगण को भी अपने शिक्षण कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिल रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षा प्रदान करने में उपयोगी है। मौके पर प्रभारी प्राचार्य बी पदमा राजेश, एके यादव, जेएन सोनवानी, एसके ध्रुव, सीपी साहू, एचआर साहू, वायके सेन, एनआर साहू, आर पोर्ते, रानी साहू, एनके साहू एचके साहू, चित्ररेखा यादव, भोजराम साहू समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## शिक्षक वह दीपस्तंभ है जो स्वयं जलकर ज्ञान का प्रकाश फैलाता है : संजय कुमार



■ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षकों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रिलायंस इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एवं फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग लिमतरा में भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों ने भाषण, कविताएं एवं गीत प्रस्तुत किए। छात्रों ने बताया कि किस प्रकार उनके शिक्षकों ने उन्हें कठिन परिस्थितियों में मार्गदर्शन दिया और आत्मविश्वास से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। महाविद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार लाल ने कहा कि एक शिक्षक केवल ज्ञान का स्रोत नहीं, बल्कि समाज के निर्माण की नींव होता है। शिक्षक वह दीपस्तंभ है जो स्वयं जलकर ज्ञान का प्रकाश फैलाता है।

उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षक दिवस को केवल उत्सव न समझें, बल्कि शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता और उनके बताए मार्ग को जीवन में अपनाने का संकल्प लें।

इस अवसर पर सभी शिक्षकों को सम्मान-पत्र, उपहार व पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अनामिका काल्विन, अनिश कुमार लाल, आशीष साहू, तोपेश्वर कंवर, अनामिका साहू, देवेश साहू, बसंती साहू, कुलेश्वर सिन्हा, वंदना साहू सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

बैंकिंग लेन-देन, पासबुक प्रिंटिंग सेक्शन की जानकारी दी

## महानदी एकेडमी के छात्र बैंकिंग प्रणाली से हुए अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



महानदी एकेडमी के कक्षा 11वीं एवं 12वीं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने प्राचार्य शिवकुमार साहू, विषय प्रमुख तैय्यबा बानो एवं ज्वालाप्रसाद साहू के मार्गदर्शन में ती बैंक ऑफ बड़ौदा नगरी शाखा का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को बैंकिंग प्रणाली एवं उसकी प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान कराना था। बैंक प्रबंधक एवं अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बैंक की विभिन्न शाखाओं जैसे नकद लेन-देन काउंटर, पासबुक प्रिंटिंग सेक्शन, चेक क्लियरिंग विभाग, ऋण विभाग एवं डिजिटल बैंकिंग सेवाओं से अवगत कराया। इस दौरान विद्यार्थियों ने जाना कि बैंक किस प्रकार ग्राहकों से जमा स्वीकार करता है, ऋण उपलब्ध कराता है, डिजिटल भुगतान सेवाएं प्रदान करता है और ग्राहकों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

अधिकारियों ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन बैंकिंग, नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एटीएम सेवाओं तथा साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। साथ ही उन्होंने यह भी समझाया कि बचत खाता, चालू खाता और सावधि जमा जैसे विभिन्न प्रकार के खाते कैसे खोले और संचालित किए जाते हैं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और अधिकारियों से संतोषजनक उत्तर प्राप्त किए। इस भ्रमण से न केवल विद्यार्थियों का बैंकिंग ज्ञान और गहरा हुआ, बल्कि उन्हें यह भी समझ में आया कि भविष्य में व्यवसाय एवं व्यक्तिगत जीवन में बैंक की क्या महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

## मुड़पार के तीनों स्कूल के शिक्षकों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत मुड़पार व ग्राम विकास समिति मुड़पार के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षक सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि जिला पंचायत सदस्य मोनिका देवांगन, जनपद सदस्य कैलाश देवांगन, मुड़पार सरपंच दसोदा यादव, उपसरपंच मनोहर राम ध्रुव, पंच सरोज यादव, सरपंच प्रतिनिधि मकसूदन यादव, ग्राम विकास समिति मुड़पार अध्यक्ष श्यामलाल ग्वाल थे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र की पूजा-अर्चना के साथ की गई। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक का स्थान सबसे ऊंचा होता है। वे हमें सही मार्गदर्शन देते हुए अपने जीवन में सफल होने के लिए प्रेरित करते हैं।

इस दौरान मुड़पार के तीनों स्कूल के प्रधानपाठक दुर्गा जुर्री, रमेश कुमार यादव, पिंकी साहू, शिक्षक हेमंत प्रजापति, जमुना साहू, तृप्ति बाला, अनुराधा साहू, रुक्मणी निराला, काजल चंद्राकर, रमेश कुमार यादव, उर्मिला नेताम, महेश्वरी सिन्हा, शशिकला जाधव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती चित्ररेखा यादव, बबीता यादव, शकरवारा के दोनों स्कूल के प्रधानपाठक दयाराम साहू, पवन ध्रुव, शिक्षक हेमलता चंद्राकर, प्रमोद कुमार साहू, ममता साहू, सुरेखा ध्रुव, कामेश्वरी पाले, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नंदनी यादव को श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह प्रदानकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर ग्राम विकास समिति के सचिव नरेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष नरेंद्र यादव, सदस्य सुखराम यादव, जितेंद्र निषाद, इतवारी राम निषाद, नीलकंठ निषाद रोजगार सहायक, जीवराखन निषाद, पूर्व सरपंच तेजूराम सिन्हा, गैंदलाल सिन्हा शकरवारा ग्राम विकास समिति अध्यक्ष, राधेलाल साहू, हेमलाल सिन्हा, भोजराज ध्रुव उपस्थित थे।

## इस बार 35 फीट रावण के पुतले का होगा दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महापौर रामू रोहरा ने विंध्यवासिनी मंदिर के पास रामलीला मैदान में दो अक्टूबर को आयोजित होने वाली विजयदशमी पर्व की तैयारी को लेकर आयुक्त प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा सहित कार्यपालन यंत्री महेन्द्र जगत एवं अन्य अधिकारी- कर्मचारियों की बैठक ली। रामलीला का मंचन के साथ दशानन रावण के पुतले की ऊंचाई, आतिशबाजी के प्रदर्शन पर चर्चा की गई। इस बार 35 फीट रावण के पुतले का दहन होगा।

गौरतलब है कि 2 वर्ष पूर्व रावण के पुतले को लेकर सोशल मीडिया पर देश-विदेश में शहर की बदनामी तथा नगर निगम की किरकिरी हुई थी। इस बार अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। श्री रोहरा ने कहा कि शहर की गौरवशाली परंपराओं को पूरी आस्था एवं श्रद्धा के साथ आगे बढ़ाना नगर निगम का नैतिक धर्म है। उन्होंने आगे बताया कि 22 से दैवीय मूर्ति स्थापना के साथ नवरात्र के प्रारंभ से विर्सजन तक तैयारी की विस्तृत तैयारी की गई है।

मौके पर जिला भाजपा महामंत्री महेन्द्र पण्डित, एमआईसी मेंबर अखिलेश सोनकर, पिंटू यादव, हिमानी साहू, पार्षद संतोष सोनकर, कुलेश सोनी, अज्जू देशलहरे, आशा लोधी, ईश्वर सोनकर, कमलेश ठाकुर, लोमश देवांगन, ऐश्वर्या दीवान, तरुण गजेन्द्र, रोशन लोंढे, वेदप्रकाश साहू मौजूद थे।

### कुपोषण को दूर करने पोषण माह मनाया गया

**नगरी।** नगरी ब्लाक के आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम सारंगपुरी (करैहा) में राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चंचल साहू ने बताया कि यह एक वार्षिक अभियान है जिसका उद्देश्य कुपोषण को दूर करना और बेहतर पोषण एवं स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना है। पोषण के विषय में जागरूकता, आहार पद्धति में सुधार करना तथा बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान करने वाली माता सहित कमजोर समूहों के बीच कुपोषण से निपटना है। कार्यक्रम में रेवती नेताम, वासिनी मारकोले, संतोषी सलाम, रुपा साहू, कुलेश्वरी नेताम, देविका साहू, ऊषा मरकाम सहित गर्भवती, शिशुवती महिलाएं मौजूद थीं।

## कलारतराई में रामधुनी प्रतियोगिता 12 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम कलारतराई में ग्रामीणों के सहयोग से रामधुनी प्रतियोगिता 12 से 14 सितम्बर तक रखी गई है। शुभारंभ एवं दीप प्रज्वलन शाम 4 बजे होगा। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य मोनिका देवांगन होंगी। अध्यक्षता पूर्व सरंपच कलारतराई लवनकिशोर साहू करेंगे।

विशिष्ट अतिथि गयाबाई ध्रुव, कुमारी मारकण्डे, धनेश्वरी सिन्हा, टोमिन बाई निर्मलकर, पुष्पा बाई सिन्हा, प्रीतराम साहू, नंदकुमार मानिकपुरी, मनोहर साहू, महेन्द्र साहू रहेंगे। दूसरे दिन के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू होंगे। अध्यक्षता सरपंच कलारतराई कुलदीप नेताम करेंगे। विशिष्ट अतिथि महिप अग्रवाल, अर्जुन सोनवानी, सुनील निर्मलकर, विष्णु साहू, रविप्रकाश सेन, डागेन्द्र साहू, भीखम निर्मलकर, रूपेश साहू, भगवान सिंग सोनवानी होंगे। समापन एवं पुरस्कार वितरण की मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रंजना साहू होंगी। अध्यक्षता जनपद सदस्य गीतेश्वरी साहू करेंगी। विशिष्ट अतिथि पूर्व जनपद सदस्य गोपाल साहू, माधवेन्द्र हिरवानी उपसरपंच कलारतराई, सुशीला बाई साहू, कुन्ती बाई साहू, भोजबाई साहू, रामकुमारी साहू, कुमारी बाई साहू, दिनेश साहू होंगे।

इस मौके पर अनेक मानस मंडलियों का मंचन होगा। झांकी में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपए, द्वितीय 2001 रूपए एवं तृतीय पुरस्कार 1501 रूपए रखा गया है। गायन में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपए, द्वितीय 2001 रूपए एवं तृतीय पुरस्कार 1501 रूपए है। प्रत्येक मंडली को सांत्वना पुरस्कार 3001 रूपए दिया जाएगा। आयोजन की तैयारी में ग्रामीण जुटे हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### ज्योति पंजीयन प्रारंभ

**मगरलोड।** शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर सोमवार से प्रारंभ हो रही है। करेली छोटी स्कूलपारा में रामेश्वर भगत के निवास में दुर्गा, काली माता का मंदिर स्थापित है। नवरात्रि पर्व पर तेल, घी की मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाती है। ज्योति पंजीयन प्रारंभ हो चुका है।

### सिहावा में डीजे डांस प्रतियोगिता आज



**नगरी।** युवा गणेश उत्सव समिति बस स्टैंड सिहावा के तत्वावधान में राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता 10 सितंबर को बस स्टैंड सिहावा में रात्रि 8 रखी गई है। प्रतियोगिता की तैयारी में समिति सदस्य जुटे हुए हैं।

### चतुर्थ काउंसिलिंग 12 एवं 13 को

**धमतरी।** नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव, बलरामपुर, बिलासपुर में शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की वर्गवार प्रतीक्षा सूची विभागीय वेबसाईट एकलव्य डाट सीजी डाट नीक डाट इन पर अपलोड है। प्रतीक्षा सूची में चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार चतुर्थ काउंसिलिंग 12 एवं 13 सितम्बर को राजधानी रायपुर के सड्डू उरकुरा मार्ग, व्हीआईपी सिटी कॉलोनी के सामने स्थित प्रयास बालक आवासीय विद्यालय में आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि अनुसूचित जनजाति तथा विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के बालक, अनुसूचित जनजाति तथा विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के बालिका, अनुसूचित जाति बालक और बालिकाओं की काउंसिलिंग 12 सितम्बर को और अन्य पिछड़ा वर्ग बालक-बालिका, सामान्य वर्ग बालक एवं बालिकाओं की काउंसिलिंग 13 सितम्बर को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक होगी।

### तेज रफ्तार बुलेट की ठोकर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

**धमतरी।** आटा चक्की जा रहे साइकिल सवार वृद्ध को तेज रफ्तार बुलेट ने ठोकर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल वृद्ध की अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम कोलियारी निवासी जगदीशराम ध्रुव पिता लादूराम उम्र 60 वर्ष मंगलवार को साइकिल से गेंहू पिसाने दुगली की आटा चक्की जा रहा था। इसी दौरान दुगली मुख्य मार्ग पर नारायण किराना दुकान के सामने तेज रफ्तार बुलेट क्र. सीजी 05 एआर 8095 के चालक ने उसे ठोकर मार दी। घटना में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए निजी वाहन से दुगली व नगरी अस्पताल पहुंचाया गया। घायल की गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया। परिजनों ने घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान सोमवार की शाम घायल वृद्ध की मौत हो गई।



■ दुगली मेन रोड की घटना

## सर गौरीशंकर श्रीवास्तव चेरिटेबल ट्रस्ट ने किया आयोजन

# 11 मेधावी छात्र व 50 शिक्षकों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी







सर गौरीशंकर श्रीवास्तव चेरिटेबल ट्रस्ट ने इस वर्ष भी शिक्षा, समाज, खेल व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली शख्सियतों का मंच से सम्मान किया। मेडल, गिफ्ट, सम्मान पत्र सौंपा। ट्रस्ट पिछले 2004 से समाजोन्मुखी कार्य कर रहा है। प्रमुख ट्रस्टी डॉ. हीरा महावर ने बताया कि सर श्रीवास्तव ने नगर की तीन पीढ़ियों को शिक्षा प्रदान की है। उनसे जुड़े छात्र, पालक पूरे जीवन भर उन्हीं के रह गए। सरजी अध्यापन कार्य ऐसे करवाते थे कि वह जीवन भर के लिए याद हो जाता था। वे इंग्लिश के प्रकांड विद्वान थे। बिना पुस्तक देखे समरी, व्याकरण पढ़ाते थे। उनकी प्रतिभा ऐसी थी कि लोग हजारों लाखों की संख्या में जुड़ते गए। उनकी सोच के अनुरूप 2006 में सार्थक स्कूल की स्थापना हुई जो आज भी सार्थक है। 2003 में महाप्रयाण के बाद शहर के नागरिकों ने सर गौरीशंकर श्रीवास्तव चेरिटेबल ट्रस्ट की स्थापना की जो निरंतर 22 वर्ष तक शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। टैलेंट परीक्षा आयोजित करने के साथ प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया जाता है।

मुख्य अतिथि डॉ. सुमंत शेखर पाढ़ी कार्डियोलॉजिस्ट एनएचएमएमआई रायपुर ने कहा कि सर गौरीशंकर श्रीवास्तव ट्रस्ट निरंतर 22 वर्ष से शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रहा है। श्री पाढ़ी ने कहा कि मुझे सरजी से रूबरू होने का मौका नहीं मिला है लेकिन उनकी शख्सियत कैसी रही होगी, यह शहर में देखने को मिल रहा है। छात्रों के हित में अपना पूरा जीवन बिताया। उनके शिष्य आज परंपरा को ट्रस्ट का रूप देकर आगे बढ़ा रहे हैं। उत्कृष्ट शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का सम्मान अपने आप में अनूठा है। अतिथि सूरज सिंह परिहार पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सर गौरीशंकर श्रीवास्तव एक महान शख्सियत, शिक्षक थे। उन्होंने गुरू के शब्द को सार्थक किया। गुरू शिष्य के संबंध को प्रगाढ़ बनाया। ऐसा करते वे तीन पीढ़ी तक अध्यापन कराते रहे। आज भारतीय शिक्षा, गुरू- शिष्य की परंपरा, संयुक्त परिवार पर कुठाराघात हो गया। शिक्षा पद्धति की आकृति बदल गई है। यह बड़ी विडम्बना है।

श्री परिहार ने शिक्षकों से आव्हान करते हुए कहा कि शिक्षा पद्धति को सुधारात्मक रूप दें। ट्रस्ट इनमें सहयोगी तो है लेकिन इसे वृहद रूप से करने हजारों लाखों शिक्षकों की भागीदारी आवश्यक है।

ट्रस्टी अशोक पवार पूर्व प्राचार्य ने कहा कि सर गौरीशंकर श्रीवास्तव से वे काफी प्रभावित रहे। उनके पढ़ाने की कला, शिष्यों से संवाद एक नया मिठास देता था, जिसने भी उनसे संबंध बनाए, उनके कायल हो गए। रोज उनसे मिलने का मन होता था। कुछ सीखने को मिलता था। उनके किए गए कार्यों को आगे बढ़ाने ट्रस्ट की स्थापना की गई जो आज शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहा है। टैलेंट परीक्षा में सैकड़ों बच्चे भाग लेते हैं। ट्रस्ट पूरी तरह शिक्षा को समर्पित है।

### इनको मिला सम्मान

मुख्य अतिथि एवं अतिथियों ने 11 छात्र, दो उत्कृष्ट शिक्षक तथा 50 से अधिक प्रतिभावान शिक्षकों को सम्मानित किया, जिसमें हिन्दी मीडियम के विकास साहू मां दंतेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा, नमन साहू सर्वोदय स्कूल, भावना साहू निगम स्कूल, सुप्रिया देवांगन मां दंतेश्वरी स्कूल, भूमिका देवांगन आत्मानंद स्कूल हटकेशर शामिल हैं। इंग्लिश मीडियम से आस्था भोजवानी सेंट जेवियर्स स्कूल, अक्षधा शर्मा सेंट जेवियर्स स्कूल, अक्षय जैन डीपीएस, भाविक चोपड़ा डीपीएस, ओम गोविंद देवांगन नूतन इंग्लिश स्कूल को मेडल, गिफ्ट, सम्मान पत्र दिया गया। जिले के उत्कृष्ट दो शिक्षक नवीन चन्द्राकर भोथली स्कूल, तेजराम साहू सेलदीप स्कूल को मेडल, सम्मान पत्र दिया गया। 50 से अधिक प्रतिभावान शिक्षकों को मंच द्वारा सम्मानित किया गया।

## मेनोनाइट स्कूल में हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छत्तीसगढ़ राज्य पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ राज्य अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रजत जयंती मना रहा है। इस अवसर पर शाला में 8 सितम्बर को कक्षा नवमी से बारहवीं कक्षा के मेधावी विद्यार्थियों हेतु सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों के चार समूह महानदी, पैरी, शिवनाथ एवं इंद्रावती थे। विद्यार्थियों ने काफी उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। पैरी टीम विजेता एवं महानदी टीम के विद्यार्थी रनर अप रहे। पैरी नदी के प्रतिभागी रश्मि गंजीर, पूजा देवांगन, प्रशांत देवांगन, प्रहस कश्यप, आकांक्षा महार रहे। शाला की प्राचार्या श्रीमती एच.के. खालसा ने कहा कि छात्र भविष्य में भी सक्रिय रहकर अपने ज्ञान प्राप्ति के लक्ष्य की ओर अग्रसर रहें और अपने उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने हेतु दृढ़ संकल्प लें।

## शास्त्रीय राग की मनमोहक प्रस्तुति हुई



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित पावस प्रसंग के समापन समारोह में शनिवार को भारतीय संस्कृति की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा और शास्त्रीय संगीत कला की सुंदर प्रस्तुति देखने को मिली। समारोह में वर्षा ऋतु की सुंदरता को शास्त्रीय गायन के माध्यम से जीवंत रूप से प्रस्तुत किया गया। संस्कृति विभाग द्वारा शास्त्रीय गायन के लिए धमतरी के कलाकार होमेश्वर प्रसाद चन्द्राकर को अवसर मिला। संगीतकार ओमन लाल सिन्हा, तबला में विवेक कुमार सिन्हा और बांसुरी में राहुल चन्द्राकर ने प्रस्तुति दी।

## शिक्षादूत ने सम्मान राशि स्कूल को भेंट की



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा के नवाचारी शिक्षक तामेश्वरलाल निषाद को शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रशस्ति पत्र, श्रीफल और 5000 रूपये की राशि के साथ मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षादूत पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

ज्ञात हो कि तामेश्वर ने शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नवाचार किए हैं। उन्होंने पुरस्कार से प्राप्त 5 हजार की राशि को स्कूल के शैक्षिक विकास हेतु दान किया। इस पर शाला परिवार एवं प्रबंधन समिति ने हर्ष जताया है।

## शिक्षकों के बिना हम अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते : पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ज्ञान अमृत इंग्लिश हाईस्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती पूजा मिश्रा उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, विशेष अतिथि श्रीमती पुष्पलता जाधव, श्रीमती अभिलाषा चौहान, श्रीमती कोसलेश्वरी दुबे, श्रीमती नेहा पदमवार, जगदीश सोनी, अफजल रिजवी थे। अध्यक्षता विनोद पाण्डेय प्राचार्य ने की। मंच पर वेदप्रकाश देवांगन अध्यक्ष प्रगति पथ शिक्षण समिति भी थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती मिश्रा ने कहा कि शिक्षक न केवल हमें पढ़ाते हैं बल्कि हमें जीवन के महत्वपूर्ण सबक सिखाते हैं। वे हमें आत्मविश्वास, अनुशासन और नैतिकता की शिक्षा देते हैं। शिक्षकों के बिना हम अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते। शिक्षक हमारे दूसरे अभिभावक होते हैं जो छात्रों को सही राह पर जीवन को संतुलित करने में मदद करते हैं। मौके पर श्रीमती भुनेश्वरी देवांगन, ममता तिवारी, कल्पना माने, मनीषा अंकमवार, रूमानी कुरैशी, हेमलता देवांगन, ज्योति सोनी, गायत्री दुबे, प्रिया शर्मा, नेहा सिन्हा, गायत्री देवांगन, अल्फिया शेख, पायल नामदेव, नीलम साहू, दीपिका पटेल, मोनिका बांधे, अनोशी शेख, आदित्य दुबे, शैलेन्द्र साहू, राजेन्द्र साहू व छात्र-छात्राएं एवं पालकगण उपस्थित थे। मंच संचालन व आभार प्रदर्शन हर्षिता निर्मलकर ने किया।

## एनएसयूआई जिलाध्यक्ष ने दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी से की मुलाकात





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने एनएसयूआई के राष्ट्रीय कार्यालय नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी हनी बग्गा से मुलाकात की। इस दौरान संगठन के विस्तार, आगामी आंदोलनों और छात्र-युवा हित को लेकर गहन चर्चा हुई। एनएसयूआई की राष्ट्रीय नेतृत्व टीम ने छत्तीसगढ़ में संगठन को और अधिक मज़बूत करने के लिए रणनीति साझा की और कार्यकर्ताओं के निरंतर संघर्ष की सराहना की। जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व से मिलकर दिशा और ऊर्जा मिली है। आने वाले समय में धमतरी समेत पूरे छत्तीसगढ़ के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्र-युवा हितों की लड़ाई और अधिक तेज़ी से लड़ी जाएगी।

# जहर सेवन से वृद्ध की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

### भोथापारा में झाड़ियों के बीच मिला शव





उपचार कराने धमतरी पहुंचा वृद्ध वापस घर नहीं पहुंचा। सप्ताह भर बाद वृद्ध का शव जहर सेवन किए हालत में झाड़ियों में पाया गया।

पुलिस व परिजनों के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम जोरातराई निवासी खेमलाल साहू पिता रेसोराम उम्र 67 वर्ष किसानी का काम करता था। वह बीपी का मरीज था। 5-7 साल पहले वृद्ध के हार्ट का आपरेशन हुआ था। सर्जरी के बाद से वृद्ध घर पर ही रहता था। बीते 1 सितंबर को वृद्ध उपचार कराने अपने नाती के साथ जिला अस्पताल आया था। अस्पताल पहुंचने के बाद वृद्ध इलाज कराकर घर आ जाउंगा कहते हुए अपने नाती को वापस जोरातराई भेज दिया, लेकिन वृद्ध वापस घर नहीं पहुंचा। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे, नहीं मिलने पर 5 सितंबर को भखारा थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसी दौरान सोमवार को बकरी चराते समय चरवाहा ने माड़मसिल्ली के भोथापारा में तालाब किनारे शव देखा। सूचना केरेगांव पुलिस को दी गई। दो से तीन दिन पुराना होने के कारण शव सड़ने लगा था।

पुलिस मौके पर पहुंच पंचनामा की कार्रवाई में जुट गई। मौके पर कपड़ा, चप्पल, शराब की शीशी व कीटनाशक का डिब्बा रखा हुआ था। पुलिस ने उक्त सामानों को जप्त कर अज्ञात शव को सोमवार की शाम तक वरदान एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस सोशल मीडिया के माध्यम से शव की शिनाख्ति का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान वृद्ध के परिजन दर्ज कराई गुमशुदगी रिपोर्ट की पावती लेने भखारा थाना पहुंचे। जहां पुलिस ने सोशल मीडिया में आए शव की फोटो व सामान को परिजनों को दिखाया। परिजनों के पहुंचने पर कपड़ा व चप्पल से मृतक की पहचान खेमलाल साहू के रूप में की गई। केरेगांव पुलिस ने मंगलवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## बड़े भाई ने छोटे भाई पर कैंची से किया जानलेवा हमला, गंभीर

### आरोपी बड़ा भाई गिरफ्तार





**धमतरी।** मामूली विवाद पर बड़े भाई ने अपने छोटे भाई के पेट में कैंची से जानलेवा हमला कर उसे घायल कर दिया है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार स्थानीय सोरिद वार्ड के शांति चौक निवासी तेजराम देवांगन उर्फ मुक्कु पिता रामकुमार उम्र 35 वर्ष का अपने छोटे भाई चन्द्रकांत देवांगन उर्फ पिंटू के साथ मोटर साइकिल को लेकर अक्सर विवाद होता था। चन्द्रकांत अपने बड़े भाई की मोटरसाइकिल मांगकर ले जाता और उसे अक्सर खराब हालत में वापस कर देता था। शनिवार की रात्रि लगभग 10.30 बजे इसी बात को लेकर दोनों भाइयों में विवाद शुरू हो गया। विवाद के चलते तेजराम ने अपने छोटे भाई चन्द्रकांत पर अपने घर से कैंची लाकर उसके पेट व पीठ में हमला कर दिया। कैंची के हमले से छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने घायल को रायपुर रिफर कर दिया। घटना के बाद आरोपी तेजराम मौके से फरार हो गया। घायल की मां टिकेश्वरी देवांगन ने रविवार को कोतवाली पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी तेजराम देवांगन के खिलाफ धारा 109-1 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी तेजराम देवांगन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कैंची जब्त की है। आरोपी तेजराम को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## निगम की स्वच्छता टीम ने किया जागरूक

**धमतरी।** नगर निगम टीम द्वारा प्रतिदिन सुबह वार्डों में जाकर स्वच्छ भारत मिशन एवं निगम की स्वच्छता पहल के तहत नागरिकों को गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग डब्बों में देने के लिए जागरूक किया जा रहा है। निगम की स्वच्छता टीम ने वार्ड में घर-घर जाकर लोगों को समझाया कि गीला कचरा हरे डब्बे में तथा सूखा कचरा नीले डब्बे में डालें, ताकि कचरे का सही तरीके से निपटान हो सके।

अभियान के दौरान नागरिकों को यह भी बताया गया कि गीले कचरे से खाद तैयार की जाएगी, जो बागवानी एवं कृषि कार्य में उपयोगी साबित होगी। वहीं सूखे कचरे का पुनर्चक्रण कर विभिन्न प्रकार की उपयोगी सामग्री बनाई जाएगी। इस प्रकार का पृथक्करण न केवल पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को भी मजबूत करेगा। निगम अधिकारियों ने कहा कि यदि सभी नागरिक घर से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग कर देंगे तो डंपिंग यार्ड पर भार कम होगा और स्वच्छता कार्यों को अधिक प्रभावी तरीके से संचालित किया जा सकेगा। इससे शहर का वातावरण स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त रहेगा।

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं– स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास, नगरी बसस्टैण्ड, सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020




## एथलेटिक्स में सशिमं के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सरस्वती शिशु मंदिर मड़ाईभाठा के छात्रों ने सरस्वती शिशु मंदिर बागबाहरा में आयोजित एथलेटिक्स खेलकूद में भाग लिया जिसमें बेहतर प्रदर्शन किया।

200 मीटर दौड़ एवं बाधा दौड़ में साक्षी प्रथम स्थान, 600 मीटर में किरण निषाद, गोला फेंक में कृष्ण कुमार द्वितीय, गोला फेंक में हिमानी ध्रुव द्वितीय, लंबी कूद, 400 मीटर दौड़ में तिशिका ध्रुव, 400 मीटर में युवराज द्वितीय, 600 मीटर दौड़ में योगेश प्रथम, रिलेरेस में योगेश, तोमन, कृष्ण कुमार, युवराज, रिलेरेस में साक्षी, तिशिका, हिमानी, किरण ने मारी बाजी। इन खिलाड़ियों का कोनी बिलासपुर के लिए चयन हुआ है। इनके चयन पर गणेश राव पवार व्यवस्थापक, अखिलेश पवार अध्यक्ष, परमेश्वर साहू उपाध्यक्ष, मुरारी यदु, घनश्याम साहू,महेश साहू, डोमन लाल सेन, चम्पादेवी साहू, गिरीश पवार, जितेन्द्र साहू, भगवती पवार, अमन राव, अंगेश सेन, रेणुका साहू, चन्द्रकला साहू, तोरण निर्मलकर, राजकुमार निर्मलकर, नेहा गायकवाड़, नेमीन साहू, डिम्पल यदु, रितु साहू, घनेश्वरी साहू ने हर्ष जताया है।

## युवाओं को मिलेगा सेना में सेवा का सुनहरा अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के युवाओं के लिए गौरव का अवसर जल्द ही आने वाला है। भारतीय सेना द्वारा आगामी जनवरी माह में धमतरी जिले में अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित किए जाने की संभावना है। इसी संदर्भ में सेना के वरिष्ठ अधिकारी कर्नल अरुण कालिया, मेजर रूबेश कुमार और अधिकारी गोहन सुंदरम ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा तथा पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार से मुलाकात की।

बैठक में रैली के आयोजन की तैयारियों पर चर्चा हुई। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जिले के युवाओं को देश सेवा का अवसर मिलना गर्व की बात है। उन्होंने सेना अधिकारियों को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार ने सुरक्षा और यातायात प्रबंधन की ठोस व्यवस्था करने का भरोसा दिलाया। इसी क्रम में एसडीएम पीयूष तिवारी ने सेना अधिकारियों को स्थानीय इंडोर स्टेडियम खेल मैदान का निरीक्षण कराया और वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मैदान में रैली हेतु आधारभूत ढांचा, पानी, स्वास्थ्य सुविधाएं, शैक्षिक पटल और यातायात व्यवस्था जैसे सभी इंतजाम किए जाएंगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज